तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 30 जुलाई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

कलेक्टर ने ली प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा बैठक, 31 तक किसानों का पंजीयन पूर्ण करने के दिए निर्देश

4



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने खरौद एवं राहौद क्षेत्र में एग्रीस्टैक विशेष शिविरों का लिया जायजा

**जांजगीर-चांपा।** जिले में संचालित एग्रीस्टैक कृषक पंजीयन एवं बकेट क्लेम विशेष शिविरों का कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने बुधवार को खरौद एवं राहौद क्षेत्र में निरीक्षण किया। उन्होंने शिविरों में पहुंचकर पंजीयन की प्रगति, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा लंबित बकेट क्लेम प्रकरणों की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र किसानों का निर्धारित समय-सीमा में पंजीयन सुनिश्चित करते हुए लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पंजीयन प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाते हुए प्रत्येक किसान तक इसकी जानकारी पहुंचाई जाए। गांवों में मुनादी, कोटवारों एवं मैदानी अमले के माध्यम से किसानों को शिविरों में उपस्थित होने के लिए प्रेरित किया जाए। जिन किसानों के आधार से मोबाइल नंबर लिंक नहीं हैं, उनके प्रकरणों का भी शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए ताकि कोई भी किसान पंजीयन से वंचित न रहे।

### डिजिटल सुविधा से मिला रजनी रितिक विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नागरिकों को शासकीय सेवाएं सरल, पारदर्शी और सुलभ रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित सेवा सेतु पोर्टल ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लोगों के लिए लाभदायक साबित हो रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से अब विवाह पंजीयन जैसी महत्वपूर्ण सेवा भी पूरी तरह ऑनलाइन उपलब्ध है, जिससे नागरिकों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाना नहीं पड़ रही है। पामगढ़ विकासखंड के ग्राम झिलमिली निवासी श्रीमती रजनी डहरिया एवं रितिक रोशन डहरिया ने सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से सफलतापूर्वक अपने विवाह का ऑनलाइन पंजीयन कराया। विवाह के उपरांत उन्हें विभिन्न शासकीय कार्यों के लिए विवाह प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। श्रीमती रजनी डहरिया ने बताया कि सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से विवाह पंजीयन कराना बेहद आसान रहा। ऑनलाइन सुविधा के कारण बिना किसी परेशानी के विवाह प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया।

### आज तक जमा होंगे हाथकरघा प्रौद्योगिकी के लिए आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन के ग्रामोद्योग संचालनालय रायपुर के अंतर्गत संचालित भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, चाम्पा एवं बरगढ़ (उड़ीसा) में जुलाई सत्र से प्रारंभ होने वाले डिप्लोमा इन हैण्डलूम एंड टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### प्रयास आवासीय में कक्षा 9वीं प्रवेश : 5 तक चलेगी काउंसलिंग

**सक्ती।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में कार्यालय कलेक्टर जिला सक्ती द्वारा सूचना जारी की गई है। जारी सूचना के अनुसार, छत्तीसगढ़ राज्य के प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित होने के उपरांत पात्र विद्यार्थियों की सूची विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दी गई है। चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 22 जुलाई से शुरु हो गया है, जो 5 अगस्त तक चलेगा। काउंसलिंग का आयोजन सूची में आवंटित प्रयास आवासीय विद्यालयों में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी सिकल सेल जांच प्रमाण-पत्र संबंधित प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

## जड़ों की अनदेखी : नहर पुल से कलेक्ट्रेट रोड तक दर्जनों पेड़ों की जड़ें बाहर आईं

# शहर की हरियाली पर संकट, हल्की हवा में धराशायी हो रहे सड़क किनारे के पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय में वर्षों पहले सड़क किनारे लगाए गए पौधे आज विशाल पेड़ों का रूप ले चुके हैं, लेकिन उनकी जड़ों की सुरक्षा और मजबूती पर किसी का ध्यान नहीं है। परिणामस्वरूप हल्की बारिश और तेज हवा के झोंकों में ही पेड़ जड़ समेत उखड़कर गिरने लगे हैं। शहर की हरियाली पर मंडरा रहे इस खतरे ने न केवल पर्यावरण बल्कि आम लोगों की सुरक्षा पर भी बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

जिले के नहर पुल से बीटीआई चौक होते हुए पुराने जिला अस्पताल तक सड़क के दोनों ओर लगे लगभग 12 से 15 फीट ऊंचे विकसित पेड़ों की जड़ें पूरी तरह बाहर आ चुकी हैं। यही स्थिति कलेक्ट्रेट मोड़, जिला पंचायत, जिला अस्पताल और नीम पथ की भी है, जहां कई पेड़ों की पकड़ जमीन पर बेहद कमजोर हो गई है। बीते चार-पांच दिनों से लगातार हो रही बारिश और तेज हवाओं के बाद विवेकानंद मार्ग, नीम पथ और कलेक्ट्रेट रोड पर आधा दर्जन से अधिक पेड़ जड़ समेत उखड़कर गिर चुके हैं। गनीमत रही कि इन घटनाओं में कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, लेकिन यदि समय रहते व्यवस्था नहीं की गई तो कभी भी राहगीरों या वाहनों पर पेड़ गिरने से गंभीर दुर्घटना हो सकती है। हर साल जिले में बरसात के मौसम में बड़े पैमाने पर पौधरोपण अभियान चलाया जाता है और हजारों नए पौधे लगाने के दावे किए जाते हैं। दूसरी ओर वर्षों पहले लगाए गए और अब विकसित हो चुके पेड़ों की जड़ों को मजबूत करने के लिए मिट्टी चढ़ाने, संरक्षण करने या नियमित देखरेख की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार पेड़ों की जड़ों के आसपास समय-समय पर मिट्टी भराई और संरक्षण कार्य किया जाए तो उनकी पकड़ मजबूत बनी रहती है और वे तेज बारिश व आंधी का सामना कर सकते हैं। जिले में पहले भी पौधरोपण के बाद देखरेख के अभाव में बड़ी संख्या में पौधों के सूखने की शिकायतें सामने आती रही हैं। अब स्थिति यह है कि जो पेड़ वर्षों की मेहनत के बाद बड़े हुए, वे भी केवल जड़ों की अनदेखी के कारण एक-एक कर धराशायी हो रहे हैं। शहर की हरियाली बचाने के लिए संबंधित विभागों को तत्काल जड़ों की मिट्टी भराई, सुरक्षा और रखरखाव का अभियान चलाने की आवश्यकता है।



नीम पथ में जड़ सहित गिरा पेड़।

### करेंगे पहल

हरे भरे पेड़ों की देखभाल एवं व्यवस्था को लेकर जानकारी ली जाएगी। इस मामले को लेकर हर स्तर पर पहल करेंगे।

-सुब्रत प्रधान,
एसडीएम
जांजगीर

## बड़ा हादसा टलाः लखुर्री में मकान पर गिरा विशालकाय पीपल का पेड़



**बम्हनीडीह।** ग्राम पंचायत लखुर्री में बुधवार 29 जुलाई की शाम करीब 5 बजे एक विशालकाय पीपल का पेड़ अचानक ग्रामीण गणेश राम खाण्डेय के घर के ऊपर गिर गया। पेड़ गिरने के दौरान घर के अंदर बच्चे और परिवार के अन्य लोग मौजूद थे, जो इस हादसे में बाल-बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पेड़ गिरने की आवाज इतनी तेज थी कि आस-पास के लोग सहम गए। हादसे के वक्त गणेश राम खाण्डेय के बच्चे और घर के लोग अंदर ही मौजूद थे। गनीमत रही कि पेड़ का मुख्य हिस्सा मकान के मजबूत ढांचे पर टिका रहा, जिससे घर के अंदर मौजूद मासूम बच्चों और परिजनों को चोट नहीं आई। अचानक हुए इस हादसे से घर में चीख-पुकार मच गई थी, लेकिन ग्रामीणों की तत्परता से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। विशालकाय पेड़ गिरने से गणेश राम के आशियाने को भारी नुकसान पहुंचा है। छत और दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। पीड़ित परिवार अब प्रशासन से आर्थिक सहायता और पेड़ को हटाने की गुहार लगा रहा है, ताकि वे अपने घर की मरम्मत करा सकें और सामान्य जीवन में लौट सकें।

# ऑनलाइन गेम की लत ने आरक्षक को बनाया चोर

## साथी पुलिसकर्मी की मोबाईल चोरी कर उड़ाए 4 लाख 87 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बटालियन के जवान ने साथी पुलिसकर्मी का मोबाइल चुराकर खाते से 4 लाख 87 हजार रुपए उड़ा लिए। ऑनलाइन गेम की लत ने 11 वीं बटालियन के आरक्षक को चोर बना दिया। उसने साथी पुलिसकर्मी की मोबाईल चुरा ली और यूपीआई आईडी बनाकर मोबाईल के माध्यम से रकम निकाल ली। इस रकम का उपयोग उसने ऑनलाइन गेम खेलने में किया। साइबर थाना पुलिस ने आरोपी आरक्षक को गिरफ्तार कर लिया है।

साइबर थाना जांजगीर पुलिस ने ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी के एक गंभीर मामले का खुलासा करते हुए 11वीं बटालियन में पदस्थ आरक्षक को गिरफ्तार किया है। आरोपी आरक्षक ने अपने ही साथी आरक्षक की मोबाइल चोरी कर उसके बैंक खाते से 4 लाख 87 हजार 911 रुपए की अनाधिकृत ऑनलाइन निकासी कर ली।ग्राम चांदो थाना चांदो जिला बलरामपुर- रामानुजगंज निवासी सुधीर कुमार सिंह (41 वर्ष) वर्तमान में 11वीं बटालियन जांजगीर में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। सुधीर सिंह द्वारा साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई गई कि 23 अप्रैल 2026 की रात लगभग 10 बजे उसने अपना वीवो वाई-21 मोबाइल फोन, जिसमें जिओ के दो सिम लगे थे, बैरक में चार्जिंग पर लगाया था। रात करीब 11 बजे ड्यूटी पर जाने से पहले जब वह मोबाइल लेने पहुंचा तो मोबाईल गायब था। कुछ दिनों बाद पैसों की आवश्यकता होने पर जब बैंक में पहुंचा तो पता चला कि खाते में राशि उपलब्ध नहीं है। बैंक स्टेटमेंट की जांच करने पर 24 अप्रैल से 3 मई के बीच विभिन्न ऑनलाइन माध्यमों से कुल 4 लाख 87 हजार 911 रुपए की अनाधिकृत निकासी होना सामने आया। इसके बाद प्रार्थी ने साइबर सेल जांजगीर में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। सायबर थाना पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान संदेह 11वीं बटालियन में पदस्थ आरक्षक सुनील कुमार यादव पर गया, जो घटना के बाद से बटालियन परिसर में भी मौजूद नहीं था। पुलिस द्वारा तलब कर पूछताछ किए जाने पर आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी आरक्षक सुनिल यादव ने मोबाइल चोरी कर मोबाइल में मौजूद आधार नम्बर से यूपीआई आई डी बनाकर खाते से रकम निकाली थी। आरोपी को ऑनलाइन गेम खेलने की लत थी और उसने चोरी किए गए रकम को ऑनलाइन गेम में उपयोग किया। उसके मेमोरेंडम कथन के आधार पर पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66-सी एवं 66-डी के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।कार्यवाही में सायबर थाना प्रभारी भास्कर शर्मा, ए एस आई विवेक सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज तिग्गा, राजकुमार चंद्रा, विवेक सिंह, आरक्षक पदमराज सिंह, प्रतीक सिंह, विशाल कौशिक का योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## बौराने लगी महानदी...



**शिवरीनारायण।** लगातार हो रही बारिश के बाद महानदी का जल स्तर बढ़ता जा रहा है। शिवरीनारायण में महानदी पाटो पाट बह रही है। नदी का पानी शबरी सेतु से महज 6 फीट नीचे चल रहा है।

# तनौद स्कूल की स्थिति बदहाल, 3-4 फीट पानी से गुजरने छात्र मजबूर


हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

बारिश में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तनौद की स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। स्कूल प्रांगण में 3 से 4 फीट पानी भर जा रहा है, जिससे लगभग 330 छात्र-छात्राओं को स्कूल आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। जर्जर भवन में जान जोखिम में डालकर पढ़ाई स्कूल का भवन जर्जर हो चुका है। जगह-जगह दीवारों में दरारें पड़ गई हैं। अब ऐसे में 330 बच्चों का भविष्य इस जर्जर स्कूल के भरोसे है।

छात्र-छात्राओं ने बताया कि किसी भी दिन छत या दीवार ढह सकती है, लेकिन मजबूरी में उन्हें उसी भवन में पढ़ना पड़ रहा है। स्कूल के पीछे बारिश का पानी तालाब की तरह भर जाता है। अहाता नहीं, परिसर में गोबर-किचड़ और 3 फीट घास स्कूल परिसर में अहाता नहीं होने से गाय और अन्य जानवरों का बसेरा है। कक्षा 11वीं कला संकाय की कक्षा बरामदे में लगती है, जहां भारी मात्रा में गाय का गोबर और किचड़ जमा रहता है। पूरे परिसर में 3 फीट तक ऊंची घास उगी हुई है। मैदान में भी जानवर बैठे रहते हैं। पीने के लिए दूषित पानी स्कूल में लगा स्वच्छ पेयजल मशीन कबाड़ में रखरखाव के अभाव में खराब पड़ा है। मजबूरी में छात्र-छात्राओं को प्रदूषित पानी पीना पड़ रहा है। छात्र-छात्राओं और पालकों का आरोप है कि प्राचार्य सफाई और व्यवस्था में रुचि नहीं लेते। बताया गया कि प्राचार्य 40 किलोमीटर दूर से आते हैं और 12 से 1 बजे स्कूल पहुंचते हैं, जिसके बाद वे ज्यादातर समय अपने कक्ष तक ही सीमित रहते हैं। ग्रामीणों ने की मांग ग्रामीणों ने जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर से तत्काल भवन मरम्मत व नया भवन, अहाता निर्माण, जल निकासी, सफाई और पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

■ 87 कार्टून और 12 बोरी में भरा 9 लाख 90 हजार का पटाखा पकड़ाया





बरसाती पानी को पार कर स्कूल जाते बच्चे तथा दीवारें पर पड़ी दरारें।

### रेलवे स्टेशन में चलाया चेकिंग अभियान

**जांजगीर-चांपा।** ट्रेनों के माध्यम से गांजा और नशीले पदार्थो की अवैध तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस और आरपीएफ ने संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नैला रेलवे स्टेशन में टीम के द्वारा यात्रियों की जांच की गई। संयुक्त टीम ने स्टेशन के बाहर, प्लेटफार्म में ट्रेनों से आने वाले संदिग्ध व्यक्तियों और सामानो की चेकिंग की। पुलिस और आरपीएफ के जवानों ने सभी संदिग्धों के थैलों की बारीकी से जांच की। आईजी के निर्देश पर टीम ने जांच अभियान चलाया।

# दमाऊधारा में डूबे युवक की 26 घंटे बाद झरने के नीचे मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सक्ती जिले के पर्यटन स्थल दमाऊ धारा में मंगलवार को नदी में डूबे युवक की लाश 26 घंटे बाद मिली। डीडीआरएफ की टीम ने कांटा जाली की मदद से झरने के नीचे की खाई से लाश को निकाला।

मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग जिला के ग्राम हथखोज से कुछ युवकों का दल मंगलवार 28 जुलाई को सक्ती जिले के दमाऊ धारा घूमने के लिए पहुंचे थे। सुबह करीब 11 बजे नदी में नहाने के दौरान 20 वर्षीय प्रतीक कंवर पिता दुर्गा कंवर अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह देखते ही देखते पानी में समा गया। घटना की सूचना पर पुलिस और डीडीआरएफ की टीम ने खोजबीन शुरू की। मोटरबोट और गोताखोरों की मदद से लगातार युवक की तलाश की जा रही थी। लगातार खोजबीन करने पर घटना के 26 घंटे बाद बुधवार 29 जुलाई को दोपहर 1 बजे झरने के नीचे की खाई से लाश को बरामद किया। शव परिजनों को पीएम के पश्चात सौंप दिया गया।

## बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ने अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

# रेलवे के माध्यम से तस्करी रोकने संयुक्त कार्रवाई करें अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

रेलवे के माध्यम से तस्करी रोकने अफसर संयुक्त टीम का गठन करने बिलासपुर रेंज के बिलासपुर महानिरीक्षक ने रेलवे अफसरों के साथ पुलिस कप्तानों की बैठक लेकर निर्देशित किए।

गौरतलब है कि बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने रेलवे सुरक्षा बल, शासकीय रेल पुलिस और रेंज के रेलवे लाइन से जुड़े जिलों बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर-चांपा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही एवं सक्ती के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य रेलवे परिक्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाना, अपराधों पर अंकुश लगाना और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करना था। बैठक में श्रीवास, एडीआरएम, रजनेश सिंह उमनि व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बिलासपुर, दिव्यांग पटेल, पुलिस अधीक्षक, रेल, रायपुर, सिद्धार्थ तिवारी, पुलिस अधीक्षक कोरबा, सौरभ कुमार, वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ, बिलासपुर, पुलिस अधीक्षक सक्ती प्रफुल्ल ठाकुर, उपस्थित रहे। बैठक में सीसीटीवी व फेशियल रिकग्निशन सिस्टम रेलवे स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे और एफआरएस तकनीक लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वे एक माह के भीतर आदतन अपराधियों, नशा तस्करों और लापता बच्चों का डेटाबेस आरपीएफ को सौंपें, ताकि अपराधियों को आसानी से ट्रैक किया जा सके। ट्रेनों के माध्यम से होने वाली गांजा, हेरोइन और सिंथेटिक ड्रग्स की तस्करी को रोकने के लिए आरपीएफ, जीआरपी और जिला पुलिस की जॉइंट सरप्राइज चेकिंग टीम बनाई जाएगी। साथ ही, रेलवे का सामान चुराने वाले कबाड़ियों के नेटवर्क को ध्वस्त कर आरपीयूपी एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। रेलवे स्टेशन परिसर में रात के समय असामाजिक तत्वों के जमावड़े पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए गए। रात में रुकने वाली ट्रेनों की 100 प्रतिशत चेकिंग सुनिश्चित की जाएगी और स्टेशनों पर खड़े लावारिस वाहनों की सघन जांच होगी। महिला छेड़छाड़, चोरी और मानव तस्करी जैसी वारदातों को रोकने व त्वरित कार्रवाई के लिए रेल मदद ऐप और आरपीएफ के सूचना नेटवर्क पर भी चर्चा की गई।



अधिकारियों की बैठक लेते आईजी रामगोपाल गर्ग।

### कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी पकड़ा गया

**बाराद्वार ।** पुलिस ने दबिश देकर 9 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अवैध जुआ सटटा, अवैध गांजा व शराब बिक्री एवं परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर द्वारा अधिक से अधिक कार्यवाही करने की सक्त निर्देश पर एएसपी पंकज पटेल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमति भुवनेश्वरी पैकरा सक्ती के मार्गदशन पर निरीक्षक नरेन्द्र यादव थाना प्रभारी बाराद्वार द्वारा 28 जुलाई को मुखबीर की सुचना पर ग्राम लोहराकोट में टीम बनाकर रेड कार्यवाही कर आरोपी हरिशंकर लहरे पिता धरम लाल लहरे उम्र 32 निवासी लोहराकोट थाना बाराद्वार जिला सक्ती छ.ग. के कब्जे से 9 लीटर कच्ची महुआ शराब भरी हुई कीमति 9 सौ रूपये को जप्त किया गया।

## खबर संक्षेप

### कोयलांचल परिवहन संघ के सदस्यों ने महाप्रबंधक से मुलाकात



**कोरबा।** कोयलांचल परिवहन संघ के सदस्यों ने एसईसीएल कोरबा महाप्रबंधक राजेश कुमार गुप्ता से मुलाकात कर उनके साथ होने वाली समस्याएं से अवगत कराया गया। जिस पर मुख्य महाप्रबंधक के द्वारा सभी समस्याओं को सुना गया व उसके निराकरण हेतु अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया गया। मुख्य महाप्रबंधक कोरबा के द्वारा सभी कोयलांचल परिवहन संघ के सदस्यों को आश्वासन दिया गया कि भविष्य में जिस प्रकार की कठिनाइयों का आप सभी को सामना करना पड़ रहा है बहुत जल्द उन कठिनाइयों को दूर कर दिया जाएगा ताकि आप सफलतापूर्वक अपना कार्य कर सके वह उत्पादन में सहभागी बन सके। महाप्रबंधक के आश्वासन के बाद संगठन के सभी सदस्यों ने उनकी प्रशंसा की और कहा कि उनका भी हमेशा उत्पादन में सहयोग रहेगा।

### माय भारत युवा कार्यक्रम अंतर्गत नशामुक्त भारत अभियान संपन्न



**कोरबा।** जिले में कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में माय भारत युवा कार्यक्रम का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। इस कड़ी में माय भारत युवा कार्यक्रम के अंतर्गत 27 जुलाई को नशामुक्त भारत अभिया युवा की उड़ान, नशा मुक्त भारत का निर्माण थीम पर जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय कोरबा में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आशुतोष पाण्डेय निगम आयुक्त उपस्थित थे। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने सभी प्रतिभागियों एवं युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए युवा शक्ति का महत्व बताया तथा युवाओं की ऊर्जा को देश और राष्ट्र के विकास में लगाते हुए स्वयं का भविष्य संवर्धन करने के लिए प्रेरित किए।

### बाबाधाम देवघर जाने के लिए पहला जत्था हुआ रवाना



**हरदीबाजार।** मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड व हनुमान भक्तों के द्वारा सावन में शिव की नगरी बाबाधाम देवघर व बाबा बासुकीनाथ दर्शन करने व जल चढ़ाने के लिये पहला जत्था संकट मोचन हनुमान मंदिर बजरंग चौक सराई सिंगार से मंगलवार को को दोपहर 2 बजे रवाना हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर व भाजपा जिला मंत्री अजय कुमार दुबे ने सभी बाबाधाम देवघर जाने वाले यात्रियों निलेन्द्र राठौर, दुर्गेश डिक्सेना, दिलीप राठौर, नरेंद्र अहीर, प्रताप कंवर, जयनारायण कंवर को अपनी शुभकामनाएं देते हुए मंगल यात्रा की कामना की। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश कुमार जायसवाल, राष्ट्रीय भागवताचार्य पंडित रमाकांत शर्मा आदि उपस्थित थे।

### मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने किया बच्चों का सम्मान

**कटघोरा।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, शाखा कटघोरा द्वारा बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं अन्य स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक बच्चे का उत्साहवर्धन करते हुए सभी प्रतिभागियों को उपयोगी उपहार स्वरूप छाता भेंट किया गया, ताकि कोई भी बच्चा स्वयं को उपेक्षित महसूस न करे।

# मन लगाकर पढ़ें, अपने माता-पिता, विद्यालय और जिले का करें नाम रोशन : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने माता-पिता, विद्यालय तथा जिले का नाम ऊँचा करने का आह्वान किया। शिक्षा ही जीवन में सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है और प्रत्येक विद्यार्थी को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर निरंतर प्रयास करना चाहिए।

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने पीएम श्री सेजस, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बालको में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश के शासकीय विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक सुविधाओं और बेहतर व्यवस्थाओं के साथ विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य का मजबूत आधार बन रहे हैं। प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। युक्तियुक्तकरण से शिक्षकों की समस्या का समाधान हुआ है तथा सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया भी जारी है। जिले में जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) के माध्यम से नए विद्यालय भवनों का निर्माण कराया जा रहा है और शिक्षकों की नियुक्ति भी की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके। शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने बच्चों, जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावकों के साथ न्योता भोजन में भी सहभागिता की तथा विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद कर उन्हें नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं संस्कारों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन ने स्कूल छात्राओं को पुस्तक व साइकिल का वितरण किया।

**शाला प्रवेशोत्सव में उद्योग मंत्री ने किया छात्रों का स्वागत**



## कटघोरा का मामला, प्रतिमा निर्माण को लेकर उठे सवाल

# अटल परिसर में लाखों के भ्रष्टाचार का खेल सीमेंट की प्रतिमा पर लगाया ब्रॉन्ज पेंट





अटल परिसर में लगाई गई अटल बिहारी बाजपाई की प्रतिमा। (गोल घेरे में उखड़ा हुआ पेंट।)

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

राज्य सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृतियों को चिरस्थायी बनाए रखने के उद्देश्य से राज्य के सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर का निर्माण कराया गया। इस योजना के तहत शहरों और नगरों के प्रमुख स्थलों एवं उद्यानों का सौंदर्यीकरण करते हुए वहां अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएं स्थापित की गईं और उनका विधिवत लोकार्पण भी किया गया।

राज्य के कुल 187 नगरीय निकायों, जिनमें 14 नगर निगम, 50 नगर पालिका और 123 नगर पंचायत शामिल हैं, में इस योजना को लागू किया गया। इसके लिए शासन द्वारा लगभग 46 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अनुदान के रूप में स्वीकृत की गई। योजना के अनुसार नगर निगमों को 50 लाख रुपये, नगरपालिकाओं को 30 लाख रुपये तथा नगर पंचायतों को 20 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई। हालांकि इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन को लेकर अब गंभीर सवाल उठने लगे हैं। आरोप लगाए जा रहे हैं कि कई स्थानों पर निर्माण कार्यों में भारी अनियमितताएं और भ्रष्टाचार हुआ है। कटघोरा नगर पालिका परिषद में निर्मित अटल परिसर को लेकर भी ऐसे ही गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं, जिसे स्थानीय लोग भ्रष्टाचार का प्रत्यक्ष उदाहरण बता रहे हैं। जानकारी के अनुसार कटघोरा नगर पालिका परिषद द्वारा इस परिसर का निर्माण कराया गया जबकि निर्माण कार्य का ठेका नगर के व्यवसायी एवं ठेकेदार मनोज कुंमार अग्रवाल को दिया गया था। निर्माण कार्य कई महीनों तक चलता रहा लेकिन सबसे बड़ा विवाद परिसर में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा को लेकर सामने आया है।

#### कराएंगे जांच

अटल परिसर में स्थापित की गई पूर्व प्रधानमंत्री अटल की प्रतिमा जो की ब्रॉन्ज मेटल की लगाई जानी थी अभी जानकारी मिल रही है कि वो सीमेंट की है और कई जगह से उसका कलर उखड़ रहा है यह जांच का विषय है, उनके द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि इसकी जांच कर उचित कार्यवाही करें।

-राज जायसवाल
अध्यक्ष, न.पा.प.कटघोरा

#### कराई जाए उचित जांच

राज्य शासन द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृतियों को चिरस्थायी बनाए रखने यह कार्य किया गया था और इसके लिए एक मूर्ति के लिए मापदंड तय किया गया था लेकिन कटघोरा के अटल परिसर में लगाई गई मूर्ति सीमेंट की है अगर यह सत्य है तो यह बात बहुत ही अशोभनीय कृत्य हुआ है नगर पालिका परिषद इसकी जांच कराए और उचित कार्यवाही करें।

**पवन अग्रवाल,** पार्षद भाजपा, वार्ड नं 6

#### ब्रॉन्ज की जगह लगा दी सीमेंट व पत्थर की प्रतिमा

आरोपों के मुताबिक परियोजना के तहत परिसर में ब्रॉन्ज (तांबे) की प्रतिमा स्थापित की जानी थी जिसकी अनुमानित लागत 13 लाख 60 हजार रुपये बताई जा रही है लेकिन आरोप है कि वास्तविकता में ब्रॉन्ज की प्रतिमा स्थापित करने के बजाय सीमेंट की प्रतिमा तैयार कर उस पर केवल ब्रॉन्ज रंग का पेंट कर दिया गया। दावा किया जा रहा है कि इस प्रतिमा की वास्तविक लागत निर्धारित राशि की तुलना में काफी कम है और शेष राशि का बंदरबांट कर लिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल ही में हुई बारिश के बाद प्रतिमा पर चढ़ाया गया ब्रॉन्ज रंग जगह जगह उखड़ने लगा है, जिससे प्रतिमा की वास्तविक सामग्री सामने आने लगी है। लोगों का आरोप है कि यदि प्रतिमा वास्तव में ब्रॉन्ज की होती तो इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न नहीं होती। यही वजह है कि अब पूरे निर्माण कार्य की गुणवत्ता और वित्तीय पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं।

# कोयला कर्मचारियों के लिए पीएफ नियमों में बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार ने कोयला खदानों में कर्मचारियों के भविष्य निधि से जुड़े कानून के उल्लंघन पर कार्रवाई की प्रक्रिया को लेकर नया नियम बनाया है। कोयला मंत्रालय ने कोल माइंस प्रोविडेंट फंड एंड मिसलेनियस प्रोविजंस 2026 का ड्राफ्ट जारी किया है। जिस पर लोगों से आपत्ति और सुझाव मांगा गया है। इन नियमों के माध्यम से पहली बार यह स्पष्ट किया गया है कि कानून के उल्लंघन के मामलों की जांच कैसे होगी। जुर्माना किस प्रक्रिया से लगाया जायेगा। संबंधित व्यक्ति या कंपनी को अपील करने का क्या अधिकार होगा। ड्राफ्ट नियमों के अनुसार यह नियम कोल माइंस प्रोविडेंट फंड एंड मिसलेनियस प्रोविजंस एक्ट- 1948 के तहत दंड निर्धारण और अपील की प्रक्रिया को लागू करेंगे। नियमों के लागू होने के बाद प्रत्येक मामले में तय प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य होगा।

ड्राफ्ट में कहा गया है कि यदि एडजुडिकेटिंग ऑफिसर को यह विश्वास होता है कि किसी कंपनी, नियोक्ता, ठेकेदार या अन्य संबंधित व्यक्ति ने अधिनियम अथवा उसके तहत बनाई गई किसी योजना का उल्लंघन किया है तो वह स्वतः संज्ञान या शिकायत, निरीक्षण रिपोर्ट, अनुपालन रिपोर्ट अथवा अन्य रिपोर्ट के आधार पर जांच शुरू कर सकता है। जांच के दौरान संबंधित अभिलेख, रजिस्टर, रिटर्न, दस्तावेज और स्पष्टीकरण मांगे जा सकेंगे। ड्राफ्ट नियमों में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को महत्व दिया गया है। यदि प्रथम दृष्टया मामला बनता है तो संबंधित व्यक्ति को फॉर्म-1 में नोटिस जारी किया जायेगा। नोटिस में उल्लंघन का विवरण, संबंधित कानूनी प्रावधान, मांगे गए दस्तावेज तथा जवाब देने की समय-सीमा का उल्लेख होगा। जवाब देने के लिए सामान्यतः 15 से 30 दिन का समय दिया जाएगा।

#### ऑनलाइन भी हो सकेगी सुनवाई

संबंधित व्यक्ति स्वयं या अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से अपना पक्ष रख सकेगा। सुनवाई फिजिकल या डिजिटल माध्यम से भी कराई जा सकेगी। यदि नोटिस मिलने के बावजूद कोई जवाब नहीं दिया जाता या सुनवाई में उपस्थित नहीं होता, तो एडजुडिकेटिंग ऑफिसर एकपक्षीय निर्णय भी ले सकता है। ड्राफ्ट नियमों में पहली बार यह भी स्पष्ट किया गया है कि जुर्माना तय करते समय किन-किन बातों पर विचार किया जायेगा। इनमें उल्लंघन की गंभीरता और अवधि का भी ख्याल रखा जायेगा। प्रभावित कर्मचारियों या पेंशनभोगियों की संख्या के आधार पर जुर्माना तय होगा। यह भी देखा जायेगा कि संस्था पहले भी ऐसा उल्लंघन किया है कि नहीं। उल्लंघन से प्राप्त अनुचित लाभ, सार्वजनिक हित या फंड को हुई क्षति, जानबूझकर की गई गलती तथा जांच में सहयोग जैसे पहलू का भी ख्याल रखा जायेगा।

# वंचित तकनीकी कर्मचारियों को मिली पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी में विगत जून माह में संयंत्र सहायक 1 और जूनियर सुपरवाइजर के पदों पर पदोन्नति आदेश जारी हुए थे। जिनमें बहुत से पात्र कर्मचारी पदोन्नति से वंचित हो गए थे जिससे कर्मचारियों में पदोन्नति में भेदभाव को लेकर काफी असंतोष था। जिसके लिए फेडरेशन 01 के महासचिव आर सी चेट्टी के नेतृत्व में तीनों संयंत्रों के कर्मचारियों द्वारा गेट मीटिंग और आमसभा के माध्यम से कंपनी प्रबंधन के पदोन्नति में भेदभाव को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया था।

साथ ही उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक के कोरबा पश्चिम प्रवास पर भी कोरबा पूर्व और कोरबा पश्चिम के तकनीकी कर्मचारियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया था, तत्समय प्रबंध निदेशक द्वारा संगठन प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया गया था कि जल्द ही इस सम्बन्ध में संगठन प्रतिनिधियों और मानव संसाधन के अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता कर समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा।

फेडरेशन 01 के महासचिव आर सी चेट्टी द्वारा मानव संसाधन रायपुर के अधिकारियों से लगातार संपर्क कर शेष पात्र तकनीकी कर्मचारियों की पदोन्नति आदेश जारी करने की पहल की जा रही थी। जिस पर अमल करते हुए प्रबंधन द्वारा 27 जुलाई को 12 जूनियर सुपरवाइजर और 44 संयंत्र सहायक 1 के पदोन्नति आदेश जारी किए गए हैं, अभी भी लगभग 34 संयंत्र सहायक 1 और 26 संयंत्र सहायक 2 पात्र कर्मचारी पदोन्नति से वंचित रह गए हैं इस सम्बन्ध में संगठन द्वारा लगातार प्रयास जारी है और शीघ्र रायपुर जाकर शेष कर्मचारियों के पदोन्नति आदेश जारी करवाने का प्रयास किया जाएगा।

#### खास बात

- फेडरेशन 01 के सतत प्रयास का मिला प्रतिफल

# बांकीमोंगरा नपा के एल्डरमैन का शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा



नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के नवनियुक्त एल्डरमैनों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कटघोरा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने नवनियुक्त एल्डरमैन श्रीमती राखी अग्रवाल, जितेन्द्र सिंह, देव यादव एवं निराकार नाहक को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल ने की। वहीं नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा की अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा अतिविशिष्ट अतिथि तथा नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री कंवर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती ज्योत्सना टोप्पो, पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजयुमो छत्तीसगढ़ विकास झा, बांकीमोंगरा भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, नगर पालिका के समस्त पार्षद, विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि, पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकारगण तथा सैकड़ों की संख्या में नागरिक मौजूद रहे। शपथ ग्रहण के उपरांत नवनियुक्त एल्डरमैन श्रीमती राखी अग्रवाल, जितेन्द्र सिंह, देव यादव एवं निराकार नाहक का अतिथियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि एल्डरमैन नगर विकास की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी नवनियुक्त एल्डरमैनों से जनसेवा की भावना के साथ कार्य करते हुए सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया।

**न्यायालय श्रीमान पष्ठम जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

दीपक कुमार दुबे ..........वादी

// विरूद्ध //

श्रीमती कमला बाई वगैरह----- प्रतिवादीगण
व्य.वाद.क्र. 20ए/2025 पेशी ता– 10.09.26
आदेश दिनांक 24.07.2026 प्रो. क्र.– 228

**समंस**

सावित्री देवी पिता स्व. मूलचंद उम्र 75 वर्ष निवासी-चंदनियापारा जांजगीर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर चांपा छ.ग.
– प्रतिवादी क्र. 04

वादी ने प्रतिवादीगण के विरूद्ध वाद वास्ते स्वत्व की घोषणा, एवं स्थाई निषेधाज्ञा का दावा प्रस्तुत गया है जिसकी पेशी दिनांक 10.09.2026 को नियत है। प्रतिवादी क्र. 04 सावित्री देवी को इस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस/समंस का प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में दिनांक 10.09.2026 को दिन के 11:00 बजे स्वयं एव अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक 10.09.2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

अत: आज दिनांक 27.07.26 मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

दिनांक 27.07.26, स्थान बिलासपुर (छ.ग.)

**श्रीमती मनीषा ठाकुर पष्ठम जिला न्यायाधीश जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

TOP IN JANJGIR
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

छत्तीसगढ़ शासन में VTP पंजीयन क्रमांक 223793647P003
प्रवेश प्रारंभ
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
विगत 10 वर्षों से संचालित जॉजगीर चांपा जिले का एकमात्र संस्था
(NSDC/SDMS C.N. 69240)
नि-शुल्क पाठ्यक्रम (Free Courses): जनरल ड्यूटी असिस्टेंट होम हेल्थ एड
100% नौकरी में सहयोगी पाठ्यक्रम / योग्यता 10वीं एवं 12वीं / हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
अस्पतालों या पैथोलैब मे कार्यरत विद्यार्थियों के लिए पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध
कोर्सेस
- DMLT - डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- EMT - पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
- OT - टेक्नीशियन
पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियनअसिस्टेंट
- X-RAY टेक्नीशियन
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
पता: रजनीश बुक डिपो के सामने, तिवारी कॉम्प्लेक्स, केरा रोड जॉजगीर मो. 8770638375, 9399743304

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध



# दिवाली से पहले आएगा लव एंड वॉर का फर्स्ट लुक

**नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर इस वक्त सबसे बड़ी और सबसे ज्यादा इंतजार की जा रही फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 21 जनवरी 2027, यानी रिपब्लिक डे वीकेंड पर दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। भंसाली के शानदार स्टोरीटेलिंग स्टाइल और भव्य विजुअल्स से सजी यह फिल्म दर्शकों को बड़े पर्दे पर एक शानदार और इमोशनल अनुभव देने वाली है। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी। इसी बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। फिलहाल फर्स्ट लुक पर काम चल रहा है और उम्मीद है कि इसे दिवाली 2026 से पहले रिलीज कर दिया जाएगा।

लाइफ Style

# निहारिका

## इंटीमेट सीन के चक्कर में हाथ से गई फिल्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से बॉलीवुड डेब्यू करने को तैयार हैं। इस बीच उन्होंने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। कंटेंट क्रिएटर के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाली निहारिका एनएम ने साल 2023 में अमेरिकी सिटकॉम 'बिग माउथ सीजन 7' में गेस्ट वॉइस रोल के साथ अपने करियर को ग्लोबल लेवल पर पहुंचाया।

एक्टिंग सफर की शुरुआत पिछले साल तमिल फिल्म 'पेरुसु' से हुई थी। इसके बाद उन्होंने मित्रा मंडली और इधयम मुरली में भी काम किया। अब वे बॉलीवुड में डेब्यू करने की तैयारी कर रही हैं। निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से हिंदी फिल्मों में बोहनी कर रही हैं। वे राघव जुयाल के साथ स्क्रीन साझा करती दिखेंगी। इस बीच अभिनेत्री ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उनका कहना है कि इंटीमेसी क्लॉज की वजह से उन्हें एक फिल्म से हाथ धोने पड़े थे। वे बोल्ड सीन करने के तैयार नहीं थीं। एक घटना को याद करते हुए वे बताती हैं, 'एक फिल्म मुझे करनी थी। इसे एक बहुत बड़े डायरेक्टर बना रहे थे। उन्होंने मुझे खुद चुना था। मैंने उस रोल के लिए ऑडिशन दिया था और लुक टेस्ट भी हो गया था'। निहारिका ने आगे कहा, 'मेरे घर पर कॉन्ट्रैक्ट भेजा गया था और मैंने उस पर साइन कर दिया। उसमें इंटीमेट सीन से जुड़ी एक शर्त थी और मैंने उन्हें बता दिया था कि मैं ऑन-स्क्रीन इंटीमेसी करने में सहज नहीं हूं। वे इसके लिए तैयार थे और बॉडी डबल का इस्तेमाल करने की योजना बना रहे थे। लेकिन, एक्टर बॉडी डबल के साथ वह सीन करने के लिए तैयार नहीं थे।



हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडर-मैन ... से किसिंग सीन हटे

**मुंबई।** फिल्म 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' 31 जुलाई को रिलीज होने जा रही है। भारत में भी फिल्म रिलीज होगी। सेंसर बोर्ड ने तीन बदलावों के निर्देश के बाद भारत में 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' की रिलीज को मंजूरी दे दी है। इन बदलावों के बावजूद फिल्म की पीटर पार्कर वाली डार्क कहानी और एक्शन सीन वैसे ही रहेंगे। बता दें कि 'स्पाइडर-मैन-ब्रांड न्यू डे' भारतीय सिनेमाघरों में इस गुरुवार को रिलीज होगी। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने इसे यूए 13+ सर्टिफिकेट के साथ रिलीज करने की मंजूरी दे दी है।



# एवेंजर्स डूम्सडे का ट्रेलर कल होगा रिलीज...

**नई दिल्ली।** एवेंजर्स डूम्सडे फिल्म का बजट 4500 करोड़ रुपए है। इसमें ऐसे 23 सुपरहीरो हैं जो दुनिया के सबसे खतरनाक विलेन से टकराने जा रहे हैं। 'एवेंजर्स: डूम्सडे' का ट्रेलर विशेष रूप से 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' के साथ दिखाया जाएगा, जो 30 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ट्रेलर फिल्म के सभी भाषा संस्करणों के साथ दिखाया जाएगा, जिससे दर्शकों और इस भव्य सुपरहीरो फिल्म के प्रशंसकों को एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव मिलेगा। मार्वल स्टूडियो की 'एवेंजर्स: डूम्सडे' का निर्देशन एंथनी रूसो और जो रूसो ने किया है।फिल्म का निर्माण केविन फेग, लुई डी'एस्पोसिटो और जोनाथन श्वाट्र्ज ने किया है।फिल्म में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, क्रिस इवांस, क्रिस हेम्सवर्थ, पेड्रो पास्कल, पॉल रुड, एंथनी मैकी, फ्लोरेंस प्यू, वनेसा किर्बी, एबन मॉस-बाकरैक आदि नजर आएंगे।



# मॉम-2 में खुशी निभाएंगी लीड रोल...

**मुंबई।** महान अभिनेत्री श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम'2017 में आई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब करीब 9 साल बाद इसका सीक्वल बनने जा रहा है, जिसको लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। खुशी कपूर अब फिल्म 'मॉम 2' में लीड रोल निभाने जा रही हैं। यह 2017 की हिट फिल्म मॉम का सीक्वल है और इसे नवंबर 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी है। इस फिल्म को उनके पिता बोनी कपूर प्रोड्यूस कर रहे हैं, और इसकी शूटिंग नोएडा और ग्रीस में हुई है। 'मॉम 2' का कनेक्शन श्रीदेवी के उस यादगार किरदार से जुड़ा होगा, जिसने उन्हें खास पहचान दिलाई थी। 'मॉम' श्रीदेवी की आखिरी फिल्म थी, ऐसे में यह प्रोजेक्ट खुशी कपूर के लिए काफी इमोशनल और खास माना जा रहा है, क्योंकि वह अपनी मां की विरासत को आगे बढ़ाती नजर आएंगी।



# बंटवारा 1947 का ट्रेलर है दमदार

**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म 'बंटवारा 1947' में सनी देओल लीड रोल में हैं। सोमवार को इस फिल्म का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज किया है। यह फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के ट्रेलर में 1947 के बंटवारे का समय दिखाया गया है। इसमें एक परिवार की कहानी है, जिसकी जिंदगी बंटवारे की हिंसा, डर और जबरन पलायन की वजह से बदल जाती है। जो लोग कभी साथ रहते थे, वो अब बंटवारे के कारण बिछड़ गए हैं। इसी बीच सनी ट्रेलर में एक ऐसे शख्स के किरदार में नजर आते हैं, जो किसी भी हाल में अपने जमीर से समझौता नहीं करता है। वहीं, शबाना आजमी एक बुजुर्ग महिला के रोल में हैं, जो इंसानियत पर सबका भरोसा बनाए रखती हैं। प्रीति जिंटा भी ट्रेलर में नजर आती हैं, वह बंटवारे के मुश्किल दौर का सामना मजबूती से करती नजर आती हैं।

टीवी मसाला



# एल्विश-तेजस्वी व आरुष संभालेंगे प्लेग्राउंड सीजन-5 का कमान

**नई दिल्ली।** गेमिंग रियलिटी शो 'प्लेग्राउंड सीजन 5' अपने अब तक के सबसे बड़े और खास फॉर्मेट के साथ वापसी के लिए तैयार है, जिसमें तीन मेंटर्स का एक पैनल शामिल होगा। दो बार के चैंपियन एल्विश यादव 'केओ क्रैकेंस' की कमान संभालेंगे, जबकि तेजस्वी प्रकाश 'रेजिंग सेंटॉर्स' की मेंटर के तौर पर डेब्यू करेंगी। उनके साथ आरुष भोला भी होंगे, जो 'पावर फीनिक्स' की जिम्मेदारी संभालेंगे। छह हफ्ते तक चलने वाले इस सीजन 5 में तीन टीमें जबर्दस्त मुकाबला करेंगी, ताकि आखिर में सिर्फ एक 'मास्टरमाइंड' विजेता बन सके। शो 'प्लेग्राउंड सीजन 5' का ट्रेलर सोमवार का जारी हो चुका है। 'प्लेग्राउंड सीजन 5' का प्रीमियर 1 अगस्त को होगा। यह प्राइम वीडियो की तरफ से एमएक्स प्लेयर पर खास तौर से मुफ्त में स्ट्रीम किया जाएगा । ट्रेलर की शुरुआत में सभी मेंटॉर अपनी-अपनी दुनिया में खोए हुए दिखते हैं। तभी अचानक उनके आस-पास की असलियत में गड़बड़ी होने लगती है। एक-एक करके उन्हें एहसास होता है कि उन्हें मेंटॉर के तौर पर लॉक कर दिया गया है। सीधे असल जिंदगी वाले गेमिंग की दुनिया में खींच लिया गया है, जहां उन्हें एक-दूसरे का मुकाबला करना है। इस कॉम्पिटिशन में धीरे-धीरे ढलने का कोई समय नहीं है। मेंटॉर को हालात के हिसाब से खुद को ढालना होगा। अपग्रेड करना होगा और अपना दबदबा बनाना होगा, क्योंकि इस गेम में सब कुछ एक पल में खत्म हो सकता है।

## मैं अपने घर की डोर मैट थी : शिल्पा

**नई दिल्ली।** शिल्पा शिंदे ने 'लॉकअप 2' हालिया एपिसोड में दूसरे प्रतियोगियों के सामने अपने बिगड़ चुके पारिवारिक रिश्तों का जिक्र किया। एक्ट्रेस ने बताया कि जब उनकी कंधे की सर्जरी हुई तो उन्हें उनके ही घर से निकाल दिया गया था। शिल्पा शिंदे 'लॉकअप 2' में कहती हैं, 'हर्षद चोपड़ा आपको मैंने पहले चेताया था कि लोग आपका इस्तेमाल करते हैं। डोर मैट की तरह इस्तेमाल करते हैं। मैं भी अपने घर की डोर मैट थी। कुछ साल पहले मेरे कंधे की सर्जरी हुई थी। सर्जरी के पांच दिन बाद मुझे मेरे ही घर से निकाल दिया गया था। आपको लगेगा कि क्या मेरे परिवार वाले इतने बुरे हैं। तो देखिए, मेरे लिए ऐसी सिचुएशन बना दी गई थी। उन्हें पता था कि मैं सेल्फ रेस्पेक्ट वाली लड़की हूं। इसलिए मैं अपना घर छोड़ दिया। दरअसल, मेरा भाई अपनी वाइफ के इंफ्लुएंस में आ गया था और मेरी मां भाई की बातों को मानती थीं।' कुछ हफ्ते पहले योगेश रावत शो से बाहर हुए थे। अब सूफी मोतीवाला और धीरज कपूर भी शो से बाहर हो चुके हैं।





# सावन की दस्तक से पहले 'मैं दीवानी महाकाल की' गाना रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अदाकारा अक्षरा सिंह अपनी गायिकी के लिए भी मशहूर हैं। सावन की दस्तक से पहले उन्होंने महादेव को समर्पित भक्ति सॉन्ग रिलीज किया है। भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन अक्षरा सिंह अब बॉलीवुड में पहचान बना चुकी हैं। उन्हें अक्षय कुमार के साथ 'वेलकम टू द जंगल' के एक गाने में देखा गया था। इसके अलावा उन्हें श्रद्धा कपूर की आगामी फिल्म 'ईठा' में देखा जाएगा। इस बीच अक्षरा अपने नए गाने को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। सावन का महीना शुरू होने वाला है। कोई भी त्योहार हो, भोजपुरी इंडस्ट्री में नए गानों की खूब बहार आती है। खेसारी लाल यादव से लेकर अक्षरा सिंह, पवन सिंह तक कई सितारे सावन के महीने में नए गाने लेकर आते हैं। अक्षरा सिंह ने यह सिलसिला शुरू कर दिया। उनका गाना 'मैं दीवानी महाकाल' की सोमवार को रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह अदाकारी के साथ-साथ सिंगिंग में भी माहिर हैं। अब उन्होंने अपने फैंस को नए गाने का तोहफा दिया है। यह भक्ति सॉन्ग अक्षरा सिंह के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। अक्षरा सिंह गाने में महादेव की भक्ति के रंग में रंगी दिख रही हैं। आर्मी प्रिंट आउटफिट में वे बुलेट पर सवार होकर जा रही हैं। रुद्राक्ष की माला धारण कर वे यह गाना गुनगुना रही हैं। इसके बाद शिवलिंग के आगे बैठकर पूजा करती हैं और फिर कुछ साधु-संतों से मिलकर आशीर्वाद लेती हैं। बता दें कि अक्षरा सिंह महादेव की भक्त हैं। अक्सर वे काशी विश्वनाथ दर्शन करने जाती हैं। इस गाने की रिलीज से पहले अभिनेत्री अपनी मां के साथ उज्जैन महाकाल के दर्शन करने पहुंची थीं। अक्षरा के गाने पर फैंस की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। यूजर्स ने लिखा है, 'हम बहुत दिनों से आपके गाने का इंतजार कर रहे थे'।



# अजीब हिंदी फिल्मों में गिनी जाती है नीचा नगर, बनाया था ऐसा रिकॉर्ड जो आज तक कोई नहीं तोड़ पाया

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा की ऑडियंस आज ज्यादा से ज्यादा ऑथेन्टिक और ऑरिजनल फिल्मों की डिमांड कर रही है। हालांकि, बीच में एक लंबे वक्त तक सिर्फ एक ही नपे-तुले ढर्रे पर बनाई गई फिल्मों को ही लोगों ने प्यार दिया है। हालांकि, बात अगर 70-80 के दशक की करें तो उन दिनों बॉलीवुड डायरेक्टर्स ज्यादा से ज्यादा क्रिएटिव होने की कोशिश कर रहे थे। आज हम आपको ऐसी ही एक बहुत यूनिक फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं। आज अगर इस तरह की फिल्म बनाई जाए, तो ज्यादा संभावना इस बात की है, कि यह बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट जाएगी, लेकिन उन दिनों इस फिल्म ने कामयाबी के झंडे गाढ़ दिए थे। बल्कि, सच तो यह है कि अगर आपने गलती से कभी इस फिल्म की क्लिप्स रील्स में देखी होंगी तो शायद कोई क्रिंज पिक्चर समझकर आगे बढ़ गए होंगे। ज्यादातर लोग अभी भी इसे बहुत अजीब फिल्म समझते हैं, वजह है इसका बहुत अलग होना।

### 1946 में कर दिया ऐसा कमाल

जितनी दिलचस्प इस फिल्म की कहानी है, उससे कहीं ज्यादा दिलचस्प है इसे बनाने वाले डायरेक्टर की कहानी। इस फिल्म के डायरेक्टर चेतन आनंद थे, जिन्हें आज भी ज्यादातर लोग देव आनंद का भाई समझते हैं। हालांकि, उनकी अपनी अलग पहचान थी और कम लोग जानते हैं कि चेतन भारतीय सिनेमा की पहचान माने जाने वाले सत्यजीत रे की प्रेरणा थे। दरअसल, चेतन ने साल 1946 में अपनी फिल्म 'नीचा नगर' के जरिए वो करिश्मा कर दिखाया था, जो आज भी कोई दूसरी हिंदी फिल्म नहीं कर पाई है। चेतन की इस फिल्म ने कान फिल्म फेस्टिवल में ग्रांड प्राइज जीता था।

### फिल्म जिसमें हर कोई कविता में करता है बात

उनकी इसी उपलब्धि के बाद सत्यजीत रे ने उन्हें लेटर लिखा कि आपकी वजह से मुझे फिल्म बनाने की हिम्मत मिली है। इतनी बड़ी कामयाबी के बाद चेतन आनंद ने एक और मील का पत्थर रखने का फैसला किया था। उन्होंने 1970 में तय किया कि वह एक ऐसी फिल्म बनाएंगे, जिसका हर डायलॉग किसी कविता की तरह होगा। इस फिल्म में कोई हल्की-फुल्की स्टार कास्ट नहीं थी। राज कुमार, पृथ्वीराज कपूर और प्राण जैसे कमाल के एक्टर्स को कास्ट करके उन्होंने एक ऐसी फिल्म बना डाली, जिसमें हर कोई कविताओं में बात करता नजर आता है।

## हॉलीवुड स्टार्स के बाद किया था लक्स का ऐड

# 16 साल में हुई शादी, बनीं हिंदी सिनेमा की पहली ग्रेजुएट एक्ट्रेस

*नई दिल्ली। बॉलीवुड ने कई अभिनेत्रियों ने अपने अभिनय और अपनी कलाकारी से अपना बड़ा नाम बनाया है। लेकिन, आज हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं, वो अपने समय में एक मिसाल थी और उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए नए रास्ते बनाए। उन्हें हिंदी फिल्म जगत की पहले ग्रेजुएट एक्ट्रेस कहा जाता है। उन्होंने उस पॉपुलर ब्यूटी सोप का ऐड किया, जो उनसे पहले केवल हॉलीवुड की सुंदरियां ही करती थीं। प्रोफेशनल फ्रंट पर सफलता के बावजूद उनका निजी जीवन काफी संघर्षों से भरा रहा।*



### कौन हैं वो एक्ट्रेस?

हम बात कर रहे हैं बीते जमाने की मशहूर अभिनेत्री लीला चिटनिस की। लीला चिटनिस ने बॉलीवुड में 1930 से 1980 के दशक तक काम किया। उनका जन्म 1909 में हुआ था। ये उन चुनिंदा महिला अभिनेताओं में से थीं जो ग्रेजुएट (आट्र्स में बैचलर) थीं। वह पहली फीमेल एक्टर थीं, जो ग्रेजुएट थी। उनके पिता इंग्लिश लिटरेचर के प्रोफेसर थे। उन्होंने लीला की शादी 16 साल की उम्र में ही तय कर दी थी।

### शादीशुदा जिंदगी

लीला चिटनिस ने गजानन यशवंत चिटनिस से शादी की, जो एक डॉक्टर थे और उसी ब्रह्म समाज समुदाय से थे, जिससे उनका परिवार जुड़ा था। शादी के बाद उनके चार बेटे हुए। उनकी राजनीतिक सोच भी एक जैसी थी। उन्होंने एक बार मशहूर मार्क्सवादी स्वतंत्रता सेनानी एम.एन. रॉय को अपने घर में पनाह दी थी और ब्रिटिश राज के खिलाफ भारत की आजादी की लड़ाई में अपना योगदान दिया था।

### शराब पीने वाले पति से हो गईं अलग

हालांकि, शादी सफल न हो पाने के कारण आखिरकार वह अपने शराब पीने वाले पति से अलग हो गईं। वापस लौटने पर, उन्हें अकेले ही अपने चार छोटे बेटों की परवरिश करने की मुश्किल चुनौती का सामना करना पड़ा। उस समय ग्रेजुएट होने वाली चुनिंदा महिलाओं में से एक होने के नाते, उन्होंने एक स्कूल में पढ़ाना शुरू किया। हालांकि, प्रोग्रेसिव मराठी ग्रुप 'नाट्यमन्वंतर' के साथ थिएटर की ट्रेनिंग लेने के कारण, उन्हें एक्टिंग में ही अपना असली मकसद मिला।

### फिल्मों में शुरुआती संघर्ष

हिंदी सिनेमा में लीला चिटनिस का सफर आसान नहीं था। 'जेंटलमैन डाकू' (1937) में ब्रेक मिलने से पहले उन्होंने कई फिल्मों में एक्स्ट्रा (सहायक कलाकार) के तौर पर काम किया। इस फिल्म में उन्होंने पुरुष के वेश में एक्शन सीन भी किए थे। 1939 में 'कंगन' की बॉक्स ऑफिस सफलता के साथ ही उन्होंने आखिरकार एक लीड एक्ट्रेस के तौर पर अपनी जगह बनाई। फिल्म में उन्होंने एक हिंदू पुजारी की बेटी का किरदार निभाया, जो अपने पिता की मर्जी के खिलाफ जाकर एक स्थानीय जमींदार के बेटे से प्यार करने लगती है।

### कंगन को मिली जबरदस्त कामयाबी

बॉम्बे टॉकीज, वह मशहूर प्रोडक्शन हाउस जिसने इस फिल्म को सपोर्ट किया था, समाज की स्थापित मान्यताओं को चुनौती देने वाली फिल्में चुनने की वजह से मुश्किल दौर से गुजर रहा था। 'कंगन' फिल्म की जबरदस्त कामयाबी के बाद, लीला ने उस दौर की मशहूर अभिनेत्री देविका रानी की जगह ले ली। लीला चिटनिस ने बॉम्बे टॉकीज के एक और बड़े कलाकार अशोक कुमार के साथ कई यादगार फिल्मों में काम किया, जिनमें एन.आर. आचार्य की बंधन और आजाद (1940) और ज्ञान मुखर्जी की झूला (1941) शामिल है।

## खबर संक्षेप



### सामूहिक अवकाश लेकर 3 अगस्त को एक दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे पटवारी

जांजगीर-चांपा। पर प्रदेश के समस्त पटवारी अपनी न्यायोचित मांगों के समर्थन में 03 अगस्त को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल पर रहेंगे। यह आंदोलन विभागीय पदोन्नति एवं वेतन विसंगति जैसी लंबित मांगों को लेकर किया जा रहा है।राजस्व पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिले के सभी पटवारी साथी भी पूर्ण एकजुटता के साथ इस आंदोलन में अपनी सहभागिता निभाएंगे। उन्होंने कहा कि विभागीय पदोन्नति एवं वेतन विसंगति का शीघ्र निराकरण किया जाना आवश्यक है, जिससे प्रदेश के पटवारियों को न्याय मिल सके।

### किसानों को भारी बरसात से बचाने के लिए लीनेस क्लब ने बांटे छाता



जांजगीर-चांपा। जिला मुख्यालय जांजगीर के समीप ग्राम जर्वे (च) में लीनेस क्लब जांजगीर-जाज्वल्या द्वारा छोटे और सीमांत महिला किसानों को बरसात और तेज धूप से बचाव के लिए निःशुल्क छातों का वितरण किया गया। लीनेस क्लब जांजगीर जाज्वल्या की अध्यक्ष सरिता शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं, जो मौसम की परवाह किए बिना खेतों में दिन-रात मेहनत करते हैं।

## बिजनेस प्लस

### गट्टानी होंडा ने रचा नया कीर्तिमान सेंट्रल इंडिया के टॉप डीलर बने

जांजगीर चांपा। गट्टानी होंडा ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम किया है। होंडा के सेंट्रल रीजन



(सम्पूर्ण छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड) में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करते हुए गट्टानी होंडा ने श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है। यह सम्मान 24 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित बिजनेस मीट के दौरान प्रदान किया गया। यह उपलब्धि गट्टानी होंडा की उत्कृष्ट ग्राहक सेवा, गुणवत्तापूर्ण बिक्री, मजबूत टीमवर्क और ग्राहकों के अटूट विश्वास का परिणाम है। इस सम्मान के साथ गट्टानी होंडा ने सेंट्रल इंडिया के अग्रणी होंडा डीलर्स में अपनी मजबूत पहचान स्थापित की है। इस अवसर पर गट्टानी होंडा प्रबंधन ने अपने सभी ग्राहकों, कर्मचारियों एवं सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल कंपनी का नहीं, बल्कि उन सभी ग्राहकों और टीम सदस्यों का है जिन्होंने वर्षों से गट्टानी होंडा पर भरोसा बनाए रखा है। कंपनी ने कहा कि भविष्य में भी ग्राहकों को बेहतर सेवाएं, नवीनतम होंडा टू-व्हीलर्स और उत्कृष्ट बिक्री पश्चात सेवाएं प्रदान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। संचालक का कहना है ग्राहकों का विश्वास हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यही विश्वास हमें हर दिन बेहतर करने और नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा देता है। आने वाले समय में भी हम उत्कृष्ट सेवाओं और ग्राहक संतुष्टि के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहेंगे।

### सामान्य सभा की मीटिंग में विभिन्न बिन्दुओं पर हुई चर्चा

# बैठक में अफसरों की अनुपस्थिति पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सामान्य सभा की बैठक के दौरान अधिकारियों की अनुपस्थिति को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। बैठक के दौरान विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा भी की गई। साथ ही अधिकारी एवं कर्मचारियों को समय सीमा के भीतर कार्य करने के निर्देश भी दिए।



सामान्य सभा की बैठक लेते जनप्रतिनिधि एवं अफसर

गौरतलब है कि बुधवार 29 जुलाई को बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए तथा अधिकारियों की अनुपस्थिति पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने गहरी नाराजगी भी व्यक्त की। जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी की अध्यक्षता में बुधवार को 29 जुलाई को आयोजित सामान्य सभा की बैठक में वन विभाग की समीक्षा के दौरान कैम्पा सहित अन्य मदों से पिछले दो वर्षों में किए गए वृक्षारोपण कार्यों का जिला पंचायत सदस्यों और अधिकारियों की संयुक्त समिति बनाकर भौतिक सत्यापन कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही पिछले दो वर्षों में पेड़ों की कटाई, उसके कारण, नीलामी और विक्रय का विस्तृत प्रतिवेदन तथा ग्राम पंचायतवार वृक्षारोपण की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। सहकारिता विभाग को समितिवार धान उठाव की अद्यतन जानकारी वाहन संख्या सहित उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। वहीं एक ही ग्राम पंचायत में 15 वर्ष से अधिक समय से पदस्थ पंचायत सचिवों का प्रथम चरण में तथा पांच वर्ष से अधिक समय से कार्यरत सचिवों का चरणबद्ध स्थानांतरण करने के निर्देश भी दिए गए। शिक्षा विभाग की समीक्षा में विद्यालयों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, पालक-शिक्षक बैठकें नियमित कराने तथा आरटीई के तहत प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की विद्यालयवार सूची प्रस्तुत करने को कहा गया। निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों का उपयोग सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में उद्योग विभाग से जिले के उद्योगों पर बकाया जलकर की जानकारी मांगी गई, जबकि विद्युत विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति और ट्रांसफार्मर संबंधी समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने, संस्थागत प्रसव बढ़ाने और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया।बैठक में वर्ष 2026-27 की विकसित भारत जी राम जी योजना के कार्यों की समीक्षा, वर्ष 2015 से 2022 तक धान उपार्जन केंद्रों में पंजीकृत किसानों की जानकारी, आदर्श कोसा बुनकर सहकारी समिति सिवनी को दी गई वित्तीय सहायता तथा जिला पंचायत विकास निधि एवं 16वें वित्त आयोग के कार्यों का भी अनुमोदन किया गया। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन कुमार जयपुरिया, जिला पंचायत सदस्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार पोयाम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एक श्रेष्ठ गुरु अपने शिष्य में आत्मविश्वास और जीवन मूल्यों का करता है संचार

### गुरुकुल स्कूल में श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाई गई गुरु पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, जांजगीर में पर्व गुरु पूर्णिमा का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं के मस्तक पर श्रद्धापूर्वक तिलक लगाकर उन्हें श्रीफल भेंट किए तथा उनके प्रति आदर, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की।

ज्ञात हो कि गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुरूकुल इंटरनेशनल स्कूल में स्कूल प्रबंधन के सचिव दीपक कुमार राठौर एवं डायरेक्टर श्रीमति अनुश्री राठौर के सान्निध्य में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ किया गया। सचिव दीपक राठौर ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान भगवान से भी श्रेष्ठ माना गया है। गुरु ही अज्ञानरूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। प्राचार्य पुष्पेन्द्र कुमार राणा ने कहा कि गुरु वह दीपक है जो स्वयं जलकर अपने शिष्यों के जीवन को आलोकित करता है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भव्य आयोजन हेतु स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल और निदेशक पुष्कर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, श्रीमती अनुश्री राठौर, श्रीमती चंचल अग्रवाल, तनिष अग्रवाल, प्राचार्य पुष्पेंद्र कुमार राणा, प्रशासक विपिन गुप्ता ने विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं प्रेषित किए। उक्त आयोजन में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### गुरु के आशीर्वाद से जीवन में मिलती है शांति



**तनौद।** गुरु पूर्णिमा पर रामगोपाल दास महाराज के दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दूर-दराज से आए भक्तों ने महाराज का आशीर्वाद लिया और गुरु मंत्र प्राप्त किया। मंदिर परिसर गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु के जयकारों से गूंजता रहा। महाप्रसाद महाभंडारे का आयोजन इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तों के लिए महाप्रसाद महाभंडारे का आयोजन किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया। संत रामगोपाल दास ने कहा कि गुरु के आशीर्वाद से ही जीवन में सच्चा ज्ञान और शांति मिलती है। इस अवसर पर सर्वेश्वर दास महाराज, लखन दास, बृजलाल, दीपक दुबे, पुरुषोत्तम साहू, गोपाल साहू, मनहरण मांझी, शैलेंद्र सहित बड़ी संख्या में साधु-संत और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत रसोइयों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत विकासखंड पामगढ़ के 545 रसोइयों का दो पालियों में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, पामगढ़ में आयोजित किया गया।



कलेक्टर जन्मजय महोबे एवं जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा के निर्देशन तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी के मार्गदर्शन में मास्टर ट्रेनर राकेश सोनी, सुचिता भोसले एवं जयराम सारथी द्वारा योजना के विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराकर कुपोषण को दूर करना, बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना, विद्यालयों में नामांकन एवं ठहराव की दर बढ़ाना, अध्ययन के प्रति रुचि विकसित करना, बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाना तथा सामाजिक समानता को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण में मध्यान्ह भोजन के संचालन में प्रधान पाठक, विद्यालय प्रबंधन समिति एवं रसोइयों की भूमिका एवं उत्तरदायित्वों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। रसोई कक्ष की स्वच्छता, खाद्य सामग्री के सुरक्षित भंडारण, भोजन बनाने से पूर्व, भोजन बनाते समय एवं भोजन वितरण के पश्चात बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तार से जानकारी दी गई।

# हाईस्कूल में 18 छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शासकीय हाईस्कूल परसाही बाना में निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा की 18 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत जांजगीर-चांपा की अध्यक्ष इंजी. श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी थीं। अध्यक्षता श्रीमती गोमती कंवर, सदस्य जनपद पंचायत अकलतरा ने की। अति विशिष्ट अतिथि पवन यादव, मंडल अध्यक्ष अकलतरा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में ग्राम सरपंच परमेश्वर पटेल, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह, समिति के सदस्य, उपसरपंच शशि कृष्णा साहू, ग्राम के गणमान्य नागरिक सुरेंद्र सांडे, श्रीमती बृहस्पति पटेल एवं श्रीमती ब्रम्हभट्ट सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से पौधों की देखभाल करने और प्रकृति संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत साहू के नेतृत्व में व्याख्याता सुखराम सिंह सिदार, किशोर कुमार देवांगन, नरेंद्र सिंह डहरिया, श्रीमती शकुन सिंह तथा स्टाफ सदस्य आशीष कुमार सांडे, टीकाराम कैवर्त्य, चंद्रप्रकाश उईके, जहीर खान एवं बलराम प्रसाद कंवर सहित समस्त शाला परिवार एवं विद्यार्थियों का सहयोग रहा।

# कलेक्टर ने ली प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा बैठक, 31 तक किसानों का पंजीयन पूर्ण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत जिला स्तरीय पर्यवेक्षक समिति सह समीक्षा बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में खरीफ वर्ष 2026 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए किसानों का राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर पंजीयन 31 जुलाई तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।



समीक्षा बैठक लेते कलेक्टर।

बैठक में खरीफ वर्ष 2026 के लिए जारी अधिसूचना के अनुरूप अधिक से अधिक ऋणी एवं अऋणी किसानों को फसल बीमा योजना से जोड़ने, शत-प्रतिशत केसीसी सैचुरेशन सुनिश्चित करने, फसल बीमा से ऑप्ट आउट करने वाले किसानों की संख्या कम करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही वन पट्टाधारी किसानों को भी फसल बीमा के दायरे में शामिल करने, खरीफ वर्ष 2025 के एनसीआईपी पोर्टल पर फसल कटाई प्रयोगों के औसत उपज आंकड़ों की समीक्षा एवं खरीफ वर्ष 2025 के दावा भुगतान की जानकारी पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने किसानों को अधिक से अधिक संख्या में फसल बीमा योजना से जोड़ा जाए। उन्होंने बैंक शाखा प्रबंधकों एवं समिति प्रभारियों को पात्र केसीसी धारक किसानों का शत-प्रतिशत फसल बीमा कराने के निर्देश दिए। साथ ही कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, बैंकों एवं बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड के जिला प्रतिनिधियों को समन्वय स्थापित कर सेवा सहकारी समितियों एवं ग्रामों में शिविर आयोजित कर व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उप संचालक कृषि ने बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना की जानकारी देते हुए बताया कि बाढ़, सूखा, जलभराव, ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं से फसल क्षति की स्थिति में यह योजना किसानों के लिए सुरक्षा कवच का कार्य करती है। उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने कृषि ऋण लिया है, वे संबंधित सेवा सहकारी समिति अथवा बैंक के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं।

# गुरू केवल शिक्षक नहीं बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र के हैं निर्माता

**अकलतरा।** लायंस डीएवी पब्लिक स्कूल, अकलतरा में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वामी दयानंद सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गुरु महिमा पर आधारित स्वागत गीत, प्रेरक भाषण, काव्य-पाठ एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती सीमा देवनाथ ने कहा कि गुरु केवल शिक्षा देने वाले शिक्षक नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, चरित्र और उज्ज्वल भविष्य के निर्माता होते हैं। विद्यालय के चेयरमैन लायन राजेंद्र शर्मा] पूर्व चेयरमैन लायन दीनदयाल अग्रवाल ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को गुरू महत्व पर जानकारी दी।







